MPS-001

MASTER'S DEGREE PROGRAMME IN POLITICAL SCIENCE(MPS)

ASSIGNMENT

(First Year)

July 2026 and January 2027 Sessions

School of Social Sciences
Indira Gandhi National Open University
Maidan Garhi, New Delhi-11006

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

एम.ए. (राजनीति विज्ञान)

अनिवार्य पाठ्यक्रम

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका (Programme Guide) में स्पष्ट किया गया है, आपको राजनीति विज्ञान के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक ट्यूटर द्वारा मूल्यांकित सत्रीय कार्य (TMA) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान में मास्टर्स कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य शामिल हैं। सत्रांत परीक्षा (Term-end examination) में बैठने के पात्र होने के लिए आपको सभी सत्रीय कार्य निर्धारित समय के भीतर जमा करने होंगे। सत्रीय कार्यों को हल करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह महत्वपूर्ण है कि आप उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर किसी विशेष खंड के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखें, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा और आप सत्रांत परीक्षा के लिए भली-भांति तैयार होंगे।

इन सत्रीय कार्यों सहित आपके सभी असाइनमेंट आपके अध्ययन केंद्र (Study Centre) के समन्वयक (Coordinator) के पास जमा किए जाने चाहिए। जमा किए गए सत्रीय कार्यों के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद प्राप्त करना और उसे सुरक्षित रखना याद रखें। यदि संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी अपने पास अवश्य रखें। मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र को सत्रीय कार्य आपको वापस करने होंगे। कृपया इसके लिए आग्रह करें। अध्ययन केंद्र प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए दिए गए अंकों को नोट करेगा और उन्हें इग्नू, नई दिल्ली के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग (Student Evaluation Division - SED) को अग्रेषित करेगा।

जमा करने की प्रक्रिया (Submission): पूर्ण किए गए सत्रीय कार्य निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार जमा किए जाने चाहिए।

सत्र	**जमा करने की अंतिम तिथि**	**किसे जमा करें?**
जुलाई 2026 सत्र के लिए	मार्च 31, 2027	आपको आवंटित अध्ययन केंद्र के समन्वयक को
जनवरी 2027 सत्र के लिए	सितंबर 30, 2027	

आपको शुभकामनाओं सहित,

राजनीति विज्ञान संकाय

POLITICAL THEORY (MPS-001)
TUTOR MARKED ASSIGNMENT

Course Code: MPS-001
Assignment Code: ASST/TMA/2026-27
Marks: 100

नोट: पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का चयन कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

खंड – I

1. राजनीतिक सिद्धांत, राजनीतिक दर्शन और राजनीति विज्ञान के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

2. समकालीन राष्ट्र-राज्यों में प्रक्रियात्मक लोकतंत्र और वास्तविक लोकतंत्र के बीच तनाव का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

3. 'अधिकार' से आप क्या समझते हैं? अधिकारों (Rights), शक्ति (Power), दावों (Claims) और हकदारियों (Entitlements) के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. रूसो नैतिक स्वतंत्रता और नागरिक स्वतंत्रता की अपनी अवधारणाओं को एक-दूसरे से किस प्रकार जोड़ने का प्रयास करता है?

5. निम्नलिखित विषयों पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

(क) समानता की मार्क्सवादी अवधारणा।

(ख) न्याय की रॉल्सवादी अवधारणा।

खंड – II

6. उदारवाद की अवधारणा और उसकी प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

7. कल्याणकारी राज्य को उचित ठहराने वाले आधारों की चर्चा कीजिए।

8. 'प्रारंभिक' मार्क्स का मुख्य बौद्धिक योगदान क्या है? 'प्रारंभिक' मार्क्स और 'परवर्ती' मार्क्स के विचारों में क्या अंतर है?

9. नारीवाद के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए। नारीवाद की विभिन्न विचारधाराओं में कौन-सी बातें समान हैं?

10. निम्नलिखित विषयों पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

(क) फ्रैंकफर्ट स्कूल।

(ख) नागरिक गणतंत्रवाद (Civic Republicanism)